# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 फरवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल ससंद में केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस पेश किया। एक रिपोर्ट–

**बजट में विनिर्माण, अवसंरचना और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। बजट में रिटर्न संशोधित करने की समय सीमा को पहले के 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च और आयकर रिटर्न की देय तिथियों को अलग–अलग किया गया है। निजी उपयोग की वस्तुओं पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने से व्यक्तिगत आयात सस्ता हो जाएगा। कैंसर की 17 प्रकार की दवाओं और कुछ दुर्लभ बीमारियों के उपचारों को सीमा शुल्क से छूट दी गई है। यह श्रीमती सीतारामन का लगातार नौवां बजट था। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्रीय बजट जन–केंद्रित है और अप्रत्याशित सुधारों के साथ भारत की नींव को मजबूत करता है।

**ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है और भारत के उज्जवल भविष्य की नींव को सशक्त करता है। ये बजट 2047 के विकसित भारत के हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है।**

प्रधानमंत्री ने आम बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह देश के सुधार पथ तथा दीर्घकालिक विकास को गति देगा।

**यह युवा शक्ति बजट है। उसमें युवा की सोच भी है, युवा के सपने भी हैं, युवा का संकल्प भी है और साथ–साथ युवा की गति भी है। बजट में जो प्रावधान किए गए हैं उससे अलग–अलग सेक्टर्स में लीडर्स, इनोवेटर्स और क्रिएटर्स तैयार होंगे।**

**********

केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में रिफॉर्म ग्रोथ और फिजिकल डिसिप्लिन स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। केन्द्रीय बजट के संबंध में आज लखनऊ में आयोजित पत्रकारवार्ता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों की आकाक्षांओं को ध्यान में रखकर यह बजट पेश किया गया।

**इस बजट में लॉजिस्टिक के लिए भी काफी बड़ी संभावनाएं है और उसके हब के रूप में गौतमबुद्धनगर, कानपुर के साथ ही वाराणसी को क्योकि देश का पहला वाटरवेज यह वाराणसी से हल्दिया के बीच में प्रारंभ हुआ है। तो मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के रूप में वाराणसी को डवलप करने की कार्रवाई को इससे गति मिलेगी। पिछले बजट में प्रदेश को सात ऐसे कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल उपलब्ध हुए थे और हम धन्यवाद देंगे आदरणीय प्रधानमंत्री जी को कि इस बार उन्होंने हर जनपद में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की घोषणा की है। यूपी के 75 जनपदों को इसका लाभ प्राप्त होगा।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कृषि उत्पादन की वास्तविक शक्ति उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और प्रमाणित बीजों में निहित है। प्रदेश के लिए नई और आधुनिक 'बीज नीति' समय की मांग है। लखनऊ में बीज नीति पर आज हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्षो के लिए प्रदेश की बीज उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और उपलब्धता के लिए ठोस रोडमैप तैयार करने पर जोर दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल 'उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबन्धन समिति' की बैठक हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ओवरलोड वाहनों की रोकथाम, सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय निकायों की व्यवस्था के अनुसार पार्किंग सुनिश्चित कराने पर जोर दिया।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अप्रैल के अन्त तक वार्षिक कार्ययोजना तैयार कर अप्रूव करा ली जाए। हेड–वाइज एलोकेशन शुरुआत से ही सुनिश्चित हो और जिन मदों में आंतरिक संशोधन की आवश्यकता हो, उसे समय पर अनुमोदित कराएं, ताकि विकास कार्य बाधित न हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण में नई तकनीक को अपनाना चाहिए। ऐसे नए प्रयोगों को अपनाया जाए, जिनमें सड़क की कॉस्ट कम, लेकिन लाइफ ज्यादा हो। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी की एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक प्रदेश में कुल क्रेडिट डिपॉजिट –सी.डी. रेशियो को बासठ प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखा है।

**********

केंद्र सरकार ने ईमेल के माध्यम से प्रसारित हो रहे एक फर्जी संदेश का खंडन किया है। इसमें लोगों से ई–पैन कार्ड डाउनलोड करने का अनुरोध किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया है कि प्रसारित हो रहे ईमेल फर्जी हैं। सरकार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे वित्तीय और संवेदनशील जानकारी साझा करने से संबंधित ऐसे ईमेल, लिंक, कॉल और एसएमएस पर प्रतिक्रिया न दें।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने तथा बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक आज कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने प्रदेश में कुछ स्थानों पर आज और कल घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

**********